वर्ष:- 06
अंक:- 30
मुरादाबाद
(Thursday)
21 May 2026
पृष्ठ:-8
मूल्य:- 3.00 रूपया

दैनिक

प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

मुरादाबाद से प्रकाशित

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## PM मोदी से मेलोनी की मुलाकातः साथ में डिनर से लेकर कोलोसियम दर्शन

पांच देशों के दौरे के अंतिम चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इटली पहुंचे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने डिनर के दौरान वैश्विक और द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। पीएम मोदी ने मुलाकात की खास तस्वीरें साझा करते हुए भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की उम्मीद जताई।- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इटली के दौरे पर रोम पहुंचने के बाद पीएम जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की। पीएम मोदी ने बताया कि



दोनों नेताओं ने डिनर के दौरान कई अहम वैश्विक और द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की।इसके बाद दोनों नेताओं ने रोम के ऐतिहासिक और प्रतिष्ठित कोलोसियम का भी दौरा किया। इससे पहले मोदी के रोम पहुंचने पर मेलोनी ने सोशल मीडिया पर उनका स्वागत करते हुए लिखा

कि रोम में आपका स्वागत है मेरे दोस्त। पीएम मोदी ने क्या कहा?- पीएम मोदी ने कहा कि भारत-इटली संबंधों को और मजबूत बनाने को लेकर आज होने वाली औपचारिक वार्ता को लेकर वह उत्साहित हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी, व्यापार, निवेश और सहयोग के नए रास्ते खुलेंगे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारतीय संगीत इटली में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। रोम में भारतीय समुदाय के स्वागत कार्यक्रम के दौरान पांच इतालवी कलाकारों ने राग हंसध्वनि की प्रस्तुति दी। पीएम मोदी ने कलाकारोंलेरियो ब्रूनी, लियो वर्ट्ुननी, सिमोन मैटिएलो, फ्रांसेस्को घेरार्डी और निकोलो मेलोची की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। पीएम मोदी बोले- दुनिया में बढ़ रहा भारतीय शास्त्रीय नृत्य का आकर्षण- प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय शास्त्रीय नृत्य की वैश्विक लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।

उन्होंने बताया कि भारतीय नृत्य के प्रति समर्पित पांच इटालियन कलाकारों स्वामिनी आत्मानंद गिरि, सुश्री मार्टिना मीनाक्षी अरगाडा, सुश्री ल्यूक्रेजिया मैनीस्कोटी, सुश्री वेलेरिया वेस्पाजियानी और सुश्री रोजेला फेनेली ने %ट्रिगलबंदी% की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस प्रस्तुति में कुचिपुड़ी, भरतनाट्यम और कथक जैसी भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैलियों का सुंदर संगम देखने को मिला। पीएम ने कहा कि दुनिया भर में भारतीय संस्कृति और कला के प्रति बढ़ता आकर्षण बेहद अद्भुत है।पीएम ने भारतीय समुदाय का जताया आभार- प्रधानमंत्री ने इटली में बसे भारतीय समुदाय का भी आभार जताया। उन्होंने कहा कि रोम पहुंचने पर भारतीय समुदाय ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पीएम मोदी ने भारतीय प्रवासियों की सराहना करते हुए कहा कि उनका भारत के प्रति गहरा लगाव और भारत-इटली संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता बेहद सराहनीय है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में भारतीय प्रवासी समुदाय लगातार देश का नाम रोशन कर रहा है।

भारत और इटली के बीच का द्विपक्षीय व्यापार- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इससे पहले जून 2024 में ग्रुप ऑफ सेवन (G7) शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए इटली गए थे। अब उनका यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब भारत और इटली के बीच द्विपक्षीय संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों देश संयुक्त रणनीतिक कार्य योजना 2025-2029 को सक्रिय रूप से लागू कर रहे हैं। इस व्यापक रोडमैप के तहत व्यापार, निवेश, रक्षा और सुरक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, नवाचार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और लोगों के बीच संपर्क जैसे कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाया जा रहा है। मंत्रालय ने बताया कि वर्ष 2025 में भारत-इटली द्विपक्षीय व्यापार 16.77 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है। वहीं अप्रैल 2000 से सितंबर 2025 के बीच इटली से भारत में 3.66 अरब अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (स्नष्ठढ्ढ) दर्ज किया गया। दोनों देश रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### शरद पवार ने जमकर की पीएम मोदी की तारीफ, बोले- वे भारत का मान बढ़ाने में जुटे

एनसीपी एसपी प्रमुख शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। एक कार्यक्रम में बोलते हुए शरद पवार ने कहा कि पीएम मोदी वैश्विक स्तर पर भारत का मान-सम्मान बढ़ाने का काम कर रहे हैं। एनसीपी (एसपी) नेता शरद पवार ने एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मतभेदों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की प्रतिष्ठा को मजबूत करने के लिए काम कर रहे हैं। ा इंदिरा गांधी, पीवी नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह ने भी हमेशा देश के भविष्य और सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।एनसीपी एसपी प्रमुख ने कहा, %राजनीतिक मतभेद भारत की प्रतिष्ठा की रक्षा के आड़े नहीं आने चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी विदेशों में देश के सम्मान को बनाए रखने के लिए काम कर रहे हैं। हमारी राजनीतिक सोच अलग हो सकती है, लेकिन राष्ट्रहित सबसे ऊपर होना चाहिए।% राज्यसभा सदस्य शरद पवार ने पुणे स्थित लक्ष्मणराव गुट्टे ग्रामीण विकास फाउंडेशन द्वारा आयोजित पूर्व पदाधिकारियों के सम्मान समारोह के दौरान अपने संबोधन में ये बातें कही।अपने राजनीतिक जीवन के शुरुआती दिनों को याद करते हुए शरद पवार ने बताया कि वर्ष 1958 में 18 साल की उम्र में वे बारामती से पुणे आए थे, क्योंकि उस समय उनके गृह नगर में कॉलेज नहीं था।

## संविधान की प्रति लेकर राहुल बोले- RSS और प्रधानमंत्री इसे फाड़ने की कोशिश कर रहे

■ राहुल गांधी ने पीएम मोदी को कहे आपत्तिजनक शब्द , भाजपा नेता बोले- पिछड़ों को गाली देना उनकी आदत



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रायबरेली में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आर्थिक तूफान के कारण भयंकर महंगाई आने वाली है। गैस, डीजल-पेट्रोल के दाम बढ़ेंगे। खाद नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने देश को अमेरिका को बेच दिया है। उन्होंने सामने बैठे लोगों से कहा कि आप सब ताली बजा रहे हैं... लेकिन जब आरएसएस के सदस्य आपके सामने संविधान को फाड़कर फेंक देते हैं, तो आप चुप रहते हैं। मैं आपको बताना चाहता हूं कि इस संविधान में आपकी आवाज और आपका खून है। इसकी रक्षा करना और इसे बचाना आपका कर्तव्य और आपकी जिम्मेदारी है। रायबरेली में सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने भाजपा, आरएसएस और प्रधानमंत्री पर संविधान कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने संविधान को देश की आत्मा बताया और आर्थिक स्थिति पर चिंता जताई। साथ ही सामाजिक न्याय, पिछड़ों के अधिकार और पार्टी नेताओं के परिवारों के प्रति समर्थन का संदेश दिया।रायबरेली के लोधवारी में सांसद राहुल गांधी ने वीरा पासी की प्रतिमा का लोकार्पण किया। बहुजन स्वाभिमान सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। राहुल गांधी ने संविधान की एक प्रति हाथ में लेकर कहा कि भाजपा, प्रधानमंत्री और आरएसएस इसे फाड़ने और फेंकने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि आरएसएस ने तो इसे पहले ही फाड़ दिया हैरायबरेली के लोधवारी में सांसद राहुल गांधी ने वीरा पासी की प्रतिमा का लोकार्पण किया। बहुजन स्वाभिमान सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। राहुल गांधी ने संविधान की एक प्रति हाथ में लेकर कहा कि भाजपा, प्रधानमंत्री और आरएसएस इसे फाड़ने और फेंकने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि आरएसएस ने तो इसे पहले ही फाड़ दिया हैराहुल गांधी ने कहा कि यह संविधान की किताब सिर्फ कागज का पन्ना नहीं है, बल्कि इसमें डॉ. भीमराव अंबेडकर, महात्मा गांधी और वीरा पासी जैसे अनगिनत लोगों का खून और पसीना मिला हुआ है, जिन्होंने इसे बनाने में अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संविधान देश की आत्मा है और इसकी रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य है।राहुल गांधी ने देश की आर्थिक स्थिति पर चिंता व्यक्त की और कहा कि देश में एक बड़ा आर्थिक तूफान आने वाला है। उन्होंने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री पर देश के साथ धोखा करने का आरोप लगाया। प्रति विरोध को धार देने का प्रयास किया। वीरा पासी जैसी ऐतिहासिक हस्तियों को याद करके उन्होंने सामाजिक न्याय और पिछड़ों के अधिकारों के एजेंडे को भी रेखांकित किया।नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बुधवार को कांग्रेस के दिवंगत पूर्व जिला अध्यक्ष योगेंद्र मिश्र के आवास पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की और परिवार को ढांढस बंधाया। राहुल गांधी ने कहा कि योगेंद्र मिश्र कांग्रेस परिवार के समर्पित और कर्मठ सदस्य थे। उनके निधन से पार्टी को बड़ी क्षति हुई है। उन्होंने परिजनों से कहा कि यह दुख केवल परिवार का नहीं, बल्कि पूरे कांग्रेस परिवार का है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पार्टी हर परिस्थिति में परिवार के साथ खड़ी रहेगी। इस दौरान अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा भी मौजूद रहे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर हर संभव मदद का भरोसा दिया। मौके पर मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ता भी भावुक नजर आए। राहुल गांधी ने कुछ देर परिजनों से बातचीत की और दिवंगत नेता के योगदान को याद किया।गौरीगंज क्षेत्र के तेजी का पुरवा स्थित कार्यक्रम स्थल पर आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार, भाजपा और आरएसएस पर जमकर निशाना साधा। सम्मेलन में हजारों की संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश की रक्षा संविधान करता है और पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने लगातार संविधान पर हमला किया है। राहुल गांधी ने कहा, उनका काम अर्थव्यवस्था की रक्षा करना है, उनका काम देश की रक्षा करना है, लेकिन पिछले 12 साल में उन्होंने क्या किया? उन्होंने आरोप लगाया कि आरएसएस से जुड़े लोगों को विश्वविद्यालयों में वाइस चांसलर बनाया जा रहा है और देश की संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। अपने संबोधन में राहुल गांधी ने उद्योगपतियों का जिक्र करते हुए कहा कि अब गौतम अडानी और मुकेश अंबानी इस देश को नहीं बचा सकते। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। राहुल गांधी ने कहा, टॉफी बांटना बंद करो और किसानों को खाद उपलब्ध कराओ। उन्होंने आरोप लगाया कि अडानी आज भी करोड़ों रुपये का तेल विदेशों में एक्सपोर्ट कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि वोट चोरी संविधान पर हमला है और अडानी-अंबानी को देश का धन देना भी संविधान पर आक्रमण है। उन्होंने कहा, संविधान हिंदुस्तान की आवाज है। अपने भाषण में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर भी तीखा हमला बोला। तेजी का पुरवा स्थित कार्यक्रम स्थल पर मौजूद कार्यकर्ताओं में राहुल गांधी के संबोधन को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला। उन्होंने अमेठी से अपने पुराने रिश्ते का जिक्र करते हुए कहा, अमेठी मेरी कर्मभूमि है। मेरे पिता, माता और बहन सभी को अमेठी ने प्यार दिया है। दिल से मैं आपका धन्यवाद करता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि अगली बार वह अमेठी आएंगे तो अपनी बहन प्रियंका गांधी को भी साथ लेकर आएंगे।

## हाथ मत लगाना, इतनी हिम्मत नहीं तुम्हारी, महिला थानाध्यक्ष के छूते ही भड़कीं सांसद इकरा हसन;वीडियो वायरल

कैराना सांसद इकरा हसन ने सहारनपुर में पुलिस कार्रवाई के खिलाफ कोतवाली सदर बाजार में धरना दिया। महिला दरोगा के छूने पर नाराजगी जताई और कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी पर पुलिस से तीखी नोकझोंक हुई।सपा सांसद इकरा हसन ने मंगलवार को सहारनपुर में पुलिस कार्रवाई के खिलाफ कोतवाली सदर बाजार में धरना दिया। सपा कार्यकर्ताओं को जेल भेजे जाने से नाराज सांसद ने पुलिस पर संवेदनहीनता का आरोप लगाया और कहा कि जब तक सभी कार्यकर्ताओं को रिहा नहीं किया जाएगा, तब तक धरना जारी रहेगा। धरने के दौरान उनकी पुलिस अधिकारियों से तीखी नोकझोंक भी हुई। इसी बीच महिला थाना



प्रभारी के छूने पर सांसद नाराज हो गईं और कहा, 卐हाथ मत लगाइए, इतनी हिम्मत नहीं है आपकी। डीआईजी से मिलने पहुंचीं थीं सांसद कैराना सांसद इकरा हसन शामली के जसाला गांव में मोनू कश्यप की मौत के मामले में मृतक की मां को लेकर पुलिस उप महानिरीक्षक से मिलने पहुंची थीं। महिला ने अपने बेटे की मौत के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की थी। सांसद का आरोप है कि पुलिस उप महानिरीक्षक ने उनकी बात तो सुनी, लेकिन इसके बाद कुछ ऐसी बात कही जिससे पीड़िता रोते हुए कार्यालय से बाहर निकल गई। इस पर उन्होंने नाराजगी जताई। हिरासत के बाद भड़का विवाद- सांसद के अनुसार पुलिस ने यातायात व्यवस्था बिगाड़ने के आरोप में उन्हें हिरासत में लेकर महिला थाना ले जाया गया। वहां उन्हें करीब दस मिनट तक बैठाकर रखा गया और बाद में छोड़ दिया गया। कुछ देर बाद पुलिस ने सपा के पूर्व राज्यमंत्री मांगेराम कश्यप, कश्यप एकता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय मेहरा, प्रदेश अध्यक्ष अनुज कश्यप, शीशपाल कश्यप और सत्यपाल कश्यप समेत कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। इसकी जानकारी मिलने पर सांसद कोतवाली सदर बाजार पहुंचीं और धरने पर बैठ गईं। पुलिस अधिकारियों से तीखी नोकझोंक- धरने के दौरान पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल ने सांसद से बातचीत कर मामला शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन सांसद ने कहा कि जब तक सभी छह लोगों को रिहा नहीं किया जाता, धरना जारी रहेगा। उन्होंने अधिकारियों पर आम लोगों की शिकायतें न सुनने का आरोप लगाया और कहा कि अधिकारियों की इंसानियत मर चुकी है।महिला थाना प्रभारी से नाराज हुईं सांसद- महिला थाने में थाना प्रभारी ने सांसद से पानी के लिए पूछा, लेकिन सांसद ने कहा कि मैं यहां पानी पीने नहीं आई हूं। इसके बाद जब थाना प्रभारी ने बाहर आते समय उनकी पीठ पर हाथ रखा तो सांसद नाराज हो गईं और कहा हाथ मत लगाना, इतनी हिम्मत नहीं है तुम्हारी। अभी लगाया तुमने हाथ। काफी देर तक सांसद पुलिस अधिकारी पर भड़कती रहीं। पुलिस ने हटाकर यातायात व्यवस्था सामान्य कराई। मामले में कुछ लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## संपादकीय Editorial

# The issue: America, China, and geopolitical connotations... The outcome could directly shape India's strategic future.

The discussion about who gained what from the meeting between Donald Trump and Xi Jinping will continue in the coming days. However, it is certain that it points to the shifting balance of global geopolitics. US President Donald Trump's visit to Beijing will likely be remembered less as a display of American power, but more as a turning point in the changing balance of global politics, the consequences of which could directly shape India's strategic future. Trump appeared eager to persuade Chinese President Xi Jinping to help stabilize the Strait of Hormuz and reduce tensions in West Asia. However, China refrained from making any commitments beyond general appeals for stability. Both countries agreed that the Strait of Hormuz should remain open and that Iran should never possess nuclear weapons. The two countries agreed to establish a new trade monitoring board, which will remove trade barriers between the two countries. China has agreed to increase supplies of rare earth minerals to the United States, exports of which it had imposed restrictions in response to heavy tariffs that had caused the US problems. China will make significant purchases of Boeing aircraft and energy products, in addition to American soybeans and agricultural products. Despite the optimistic tone of the meeting, there was no significant breakthrough on the Taiwan issue. Xi reiterated that Taiwan remains a core issue in bilateral relations and warned that improper handling of the issue could lead to conflict. Trump's decision not to express any opposition further fueled regional perceptions that Washington may be softening its stance toward Beijing. However, the structural rivalry between the two countries remains. For India, the outcome of the Trump-Xi talks will have direct strategic, economic, and geopolitical consequences. New Delhi benefited from the rivalry between Washington and Beijing. This led to a surge in defense cooperation, technology partnerships, capital investment, semiconductor investments, and deeper geopolitical coordination between India and the United States. But a broader alignment between the US and China could diminish India's centrality in Washington's Indo-Pacific equation. If US companies and policymakers begin to reinvigorate their economic ties with Beijing, India's benefits from the China Plus One strategy could be weakened. Reports suggest that Washington has granted several Chinese companies limited access to Nvidia's advanced H200 AI chips. Such decisions directly impact India's ambitions to emerge as a global technology, semiconductor, and artificial intelligence hub. Both sides described the talks as constructive. While Trump called the meeting extremely positive, Xi emphasized that China and the US should remain "partners, not rivals." Trump may claim diplomatic progress, but Xi may have achieved a greater strategic victory.

# Machines cannot acquire the qualities of greatness: The real opportunity lies not in making robots champions if the opponent is a robot...

A robot may defeat you, but it cannot achieve the qualities that make an athlete great. Recently, shocking news emerged: a robot surpassed the human world record for running a marathon. Around the same time, an AI-enabled robot defeated a top human player in table tennis. Although the robot lacked human experience, it compensated for its shortcomings by providing extremely fast and consistently accurate responses. These events signal a major shift. For the first time, it feels like machines have entered one of humans' most specialized fields: sports. In fact, the goal of sports robotics is not to compete, but to understand how machines learn to function in an environment that is constantly changing and unpredictable. It is also important to understand what impact this might have on human performance. How are robots taught to play sports? The method of training robots is completely different from that of humans. Humans learn through practice, coaching, and experience. They constantly adapt to changing circumstances. Robots, on the other hand, are taught through simulation, data, and control algorithms. Robots learn how to recognize objects, anticipate their movements, and coordinate different body movements. By recording the movements of human athletes, robots are taught similar movements. These robots can also be used to better train human athletes. A major challenge in the sports world is creating a practice plan that is both effective and balanced. Athletes need repeated practice to hone their skills, and they also need to face situations that mimic real competition. If practice becomes too repetitive, it becomes predictable; and if there is too much variety, it becomes scattered and disorganized. Striking a balance is essential. Robotics offers a robust and practical way to develop balance. A robotic training partner can replicate a single action repeatedly, with extreme speed and precision, and even add controlled variations. For example, a robotic tennis server can precisely mimic the speed and power of a world-class player, while also systematically altering the ball's speed, direction, and landing point. This provides the player with a new, yet controlled, challenging experience each time. In sports science, this is called a "surrogate learning environment," where practice replicates real-match conditions (seeing, understanding, and making quick decisions). Creating such an environment is difficult for traditional coaches, but robotics makes it easy and effective. This raises the question: will robots ever become "great players"? Indeed, it is believed that in the next ten years, robots will become even more agile, powerful, and capable of performing in challenging conditions. Tasks that are challenging for them today (such as balancing on uneven ground or catching and throwing a ball with precision) will gradually become easier. However, robots will continue to have some fundamental limitations. Mastering a sport isn't just about technical precision. It's a combination of creativity, the ability to make the right decisions under pressure, and the ability to adapt to changing circumstances. A true athlete is one who performs in harmony with experience, emotions, and circumstances. Robots can be made adept at a particular task (sport), but they can't experience the same level of coordination as humans. This is why, while robots can surpass humans in certain areas, they won't be able to become "great." Thus, instead of replacing athletes, robots can become a vital part of the sporting environment. The real opportunity lies not in creating robot champions, but in better understanding human performance and elevating athletes to new heights. Pika AI - A modern generative video platform that transforms text, images, and short video clips into engaging animated videos. It uses artificial intelligence and diffusion modeling technology to create high-quality videos. It allows you to control characters, styles, camera movement, and visual effects, making videos appear more realistic and professional. It's extremely useful for content creators, education, and social media. It allows you to create engaging and impactful videos in a short time.

# The Prime Minister's Appeal and Cycling: The Country Needs Fundamental Changes Beyond Symbolism

Despite being the second-largest bicycle producer globally, cycling in India remains extremely risky due to a lack of safe infrastructure and car-centric urban policies. A sustainable future requires concrete policy changes and a shift in social attitudes. Following Prime Minister Narendra Modi's appeal to citizens to save petrol and diesel, the scenes that unfolded in many parts of the country were undoubtedly inspiring. Judges, senior IAS and IPS officers, public representatives, and police officers were seen abandoning their security convoys and official vehicles and commuting to office on bicycles. This action by those at the top of the system was a positive sign that issues like energy conservation and the environment are no longer limited to mere speeches but are being reflected in practice. However, behind these encouraging images lies a deeper and uncomfortable truth. The question naturally arises: is this change permanent or merely a symbolic display for a few days? Lack of urban infrastructure and the risks posed to cyclists – will cycling become a part of our urban lives, or will it fade away like other movements over time? The problem isn't a lack of intentions, but rather the very structure of our cities, which doesn't even accommodate a simple and environmentally friendly means of transport like the bicycle. In a country like India, which is among the world's leading bicycle producers, cycling remains a risky experience. India's dominance in bicycle production – The apparent contradiction surrounding bicycles in India is nothing short of a profound irony. Industrially, India is a major and unstoppable powerhouse of bicycle manufacturing on the global stage. India is the second-largest bicycle producer in the world, after China. The country's major industrial centers, especially Ludhiana in Punjab, produce a record 15 to 18 million bicycles annually. Our bicycle industry is constantly modernizing. Today, everything from simple bicycles to premium sports bicycles with gears and eco-friendly e-bikes is being manufactured domestically on a large scale.

Global Presence and Export of Indian Bicycles

Indian bicycles are popular not only within the country but globally. India exports over 1 million bicycles and their components to over 100 countries annually. Major importers of bicycles from India include developed European countries like the United States, Britain, Germany, France, the Netherlands, and Italy, where there is a strong demand for Indian bicycles and eco-friendly e-bikes. Countries on the African continent, such as Nigeria, Kenya, Ghana, and neighboring Bangladesh and Sri Lanka, are also major buyers of Indian bicycles. A strange irony: we are renowned globally, yet marginalized among our own people. We are second to none in manufacturing and quality, yet the irony is that the country whose bicycles are circulating worldwide lacks safe cycling spaces in its own cities. The average Indian citizen, who wants to adopt cycling for health, environmental, or economic reasons, feels unsafe and neglected on the roads. The mindset of considering cycling as a "vehicle for the poor" has virtually excluded it from urban planning. Car-centric roads and cyclist insecurity: Today, the roads in most Indian cities are designed solely for motor vehicles. The increasing number of cars and motorcycles has congested the roads to such an extent that there is no safe space for cycling. Cyclists are completely vulnerable amidst heavy and high-speed vehicles. They are often seen as an obstacle on the road, further undermining their confidence. Even where cycle tracks have been built, their condition is poor. In many places, these tracks have fallen victim to encroachment. Incomplete cycle tracks and the impact of encroachment: Some have been converted into parking lots, while others are incomplete and inconsistently constructed. Some tracks end abruptly, exposing cyclists directly to fast-moving traffic. Such haphazard planning increases the dangers for cyclists rather than protecting them. The increasing risk of road accidents further aggravates this problem. Every year, a large number of pedestrians and cyclists become victims of road accidents in the country. This is why the middle class and working youth, despite their desire, are unable to incorporate cycling into their daily lives. Parents are afraid to send their children to school by bicycle, knowing that safety on the roads is uncertain. Flawed Urban Policy and Europe's Successful Model India's urban policy has long been car-centric. Solutions to the traffic problem have been sought in widening roads, building flyovers, and expressways. But this thinking is fundamentally flawed. The more roads are built, the more vehicles are on the roads, and ultimately, the problem persists. It is often argued that a bicycle-based model cannot be implemented in India due to its climate and population. But this argument is completely unfounded. Many European countries also faced the same problem at one time. He introduced policy changes, imposed controls on cars, and Safe infrastructure has been created for cycling. Today, cycling is not just a means of transportation, but has become a part of life. Safe infrastructure and connectivity with public transport are not impossible solutions for India, but require long-term vision and concrete policy interventions. First, cycle tracks must be truly safe and useful, not just for show. They must be physically separated from the main road, so that cyclists can travel without fear. Second, cycling must be integrated with public transport. Cycle facilities should be developed at metro stations, bus terminals, and railway stations, so that people can easily complete the first and last leg of their journey by bicycle. Third, urban planning priorities must change. Citizens should have the primary right to use the roads, not just vehicles. Until this mindset changes, a means of transport like cycling will not find its rightful place. A shift in social attitudes and future challenges – Along with this, a shift in social attitudes is also necessary. Instead of considering the bicycle a "symbol of poverty," it must be accepted as a "smart and responsible choice." Corporate and private institutions should also take initiatives in this direction. Employees commuting by bicycle should be provided incentives and facilities. Cycling should not be seen merely as a symbol or a temporary campaign. It is an important tool to make our cities healthier, cleaner, and sustainable. The Prime Minister's appeal has made a positive beginning, but this beginning will only be meaningful if it is combined with concrete policies, safe infrastructure, and social change. Otherwise, this initiative will remain limited to pictures and headlines for a few days. The biggest question then will be: do we really want change or are we content with merely pretending to change?

# तालाब बना मौत का गड्ढा: मुरादाबाद में मिट्टी खोदते समय ढांग धंसी, दो महिलाओं की जान गई, तीसरी की हालत गंभीर



बिलारी के समाथल गांव में तालाब से पीली मिट्टी खोदते समय ढांग गिरने से तीन महिलाएं दब गईं। हादसे में दो महिलाओं की मौत जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

मुरादाबाद के बिलारी थाना क्षेत्र के समाथल गांव में बुधवार सुबह तालाब में पीली मिट्टी खोद रही तीन महिलाएं अचानक ढांग भरभराकर गिरने से मलबे में दब गईं।

हादसा इतना भयावह था कि मौके पर मौजूद ग्रामीणों के होश उड़ गए।आनन-फानन महिलाओं को बाहर निकालकर एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने दो महिलाओं को मृत घोषित कर दिया। हादसे में मालदेई (40) पत्नी बृजपाल मौर्य और सुनीता (35) पत्नी श्रीराम कश्यप की मौत हो गई। रामबती (40) पत्नी छत्रपाल मौर्य गंभीर हालत में जिंदगी और मौत से जूझ रही है। उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की खबर फैलते ही सीएचसी बिलारी में ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई।ग्रामीणों के मुताबिक महिलाएं अपने घरों की लिपाई-पुताई के लिए तालाब से पीली मिट्टी निकालने गई थीं। इसी दौरान अचानक तालाब की ढांग दरक गई और तीनों महिलाएं नीचे दब गईं। लोगों ने शोर सुनकर मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद महिलाओं को बाहर निकाला।समाथल गांव के पूर्व प्रधान वीरसिंह यादव ने बताया कि गांव की महिलाएं वर्षों से इसी तालाब से पीली मिट्टी खोदती चली आ रही हैं। थाना बिलारी पुलिस भी सीएचसी पहुंच गई और मामले की जानकारी जुटाने में लगी है।

# लाइसेंसी राइफल से गोली मारकर सेवानिवृत्त सीओ ने दी जान, छह माह पहले पत्नी की मौत होने से थे आहत





छजलैट में सेवानिवृत्त सीओ लखपत सिंह ने अपनी लाइसेंसी राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। छह माह पहले उनकी पत्नी की मृत्यु हो गई थी।

इसके बाद से वह परेशान चल रहे थे।छजलैट के रमपुरा गांव में सोमवार की रात किसी समय सेवानिवृत्त सीओ लखपत सिंह (89) ने अपनी लाइसेंसी राइफल से ठोड़ी के पास गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार की सुबह उनका शव घर में ही बेड पर पड़ा मिला और सीने पर राइफल रखी थी।बेटे ने भी लिखित में पुलिस को दिया है कि उनके पिता ने आत्महत्या की है। बताया जा रहा है कि करीब छह माह पहले सेवानिवृत्त सीओ की पत्नी विद्या देवी की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद से वह परेशान चल रहे थे। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि छजलैट के रमपुरा निवासी लखपत सिंह वर्ष 1995 में पुलिस विभाग से सीओ पद से सेवानिवृत्त हुए थे।इसके बाद से वह रमपुरा में ही रह रहे थे। लखपत सिंह की तीन बेटियां और दो बेटे हैं। दो बेटियों की शादी मेरठ और एक की हरिद्वार में हुई है। बड़े बेटे सतवीर सिंह निजी टेलीकॉम कंपनी में मैनेजर के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। वह परिवार के साथ गांव में ही रहते हैं, जबकि छोटे बेटे जगवीर सिंह पीडब्ल्यूडी से इंजीनियर पद से सेवानिवृत्त हुए हैं।वह परिवार के साथ बाहर रहते हैं। दो मंजिला मकान के भूतल पर बड़े बेटे सतवीर सिंह परिवार के साथ रहते हैं, जबकि ऊपरी मंजिल पर बने मकान में सेवानिवृत्त सीओ लखपत सिंह रहते थे। सोमवार की रात खाना खाने के बाद लखपत सिंह सोने के लिए अपने कमरे में चले गए थे।

रोजाना वह चार बजे जाग जाते थे लेकिन मंगलवार की सुबह वह नहीं जागे। इसके बाद बेटे व परिवार के अन्य लोगों ने ऊपर जाकर देखा तो वह कमरे में बेड पर खून से लथपथ हालत में पड़े थे। उनकी लाइसेंसी राइफल भी उनके सीने पर पड़ी थी।

सूचना मिलने पर छजलैट थानाध्यक्ष रमेश सहरावत फोर्स के साथ पहुंचे। कुछ देर के बाद फोरेंसिक टीम भी आ गई। टीम ने घटनास्थल पर मौके की स्थिति का जायजा लिया। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि बेटे ने लिखित में दिया है कि उनके पिता ने आत्महत्या की है। करीब छह माह पहले उनकी पत्नी की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद से वह परेशान थे।


# महिला अस्पताल में बच्चा चोरी का शोर, दो आरोपी पुलिस को सौंपे, नवजात को उठा चल दिया था युवक




महिला अस्पताल में बच्चा चोरी की आशंका से हड़कंप मच गया। सुरक्षा कर्मियों ने एक युवक को नवजात बच्ची को गोद में लेकर जाते हुए पकड़ लिया जबकि एक संदिग्ध महिला को भी वार्ड के बाहर से हिरासत में लिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। महिला अस्पताल में मंगलवार को बच्चा चोरी का शोर मचा। सुरक्षा कर्मियों ने एक आरोपी को नवजात बच्ची को गोद में लिए मौके पर पकड़ा। दूसरी आरोपी महिला को वार्ड के बाहर से पकड़कर दोनों को पुलिस के हवाले किया गया। आरोप है कि युवक एमसीएच विंग की दूसरी मंजिल पर वार्ड में भर्ती महिला के बच्ची को उठाकर चल दिया।तभी महिला का शोर सुनकर सुरक्षा कर्मी पहुंच गए और उन्होंने आरोपी को पकड़ लिया। उसके पास कोई आईडी कार्ड भी नहीं मिला। सुरक्षा कर्मियों ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस बुला ली। पुलिस कर्मियों ने सख्ती से पूछताछ की तो आरोपी युवक ने अपना नाम जव्वाद और पता मुगलपुरा बताया।उसने कहा कि वह नए जन्मे बच्चों के कान में अजान देने अस्पताल में आता है। जबकि जिस बच्ची को वह उठाकर ले जा रहा था, उसके पिता इरशाद अली का कहना था कि वह उस व्यक्ति को जानते तक नहीं हैं। अस्पताल में किसी ने उसे अजान देने के लिए नहीं बुलाया।

इरशाद ने कहा कि उनकी पत्नी फरजाना ने कल ही बच्ची को जन्म दिया है। वह पोस्ट डिलीवरी वार्ड में दूसरी मंजिल पर भर्ती हैं। आरोपी बिना किसी से अनुमति लिए वार्ड के अंदर पहुंच गया और बच्ची को उठा लिया। नवजात बच्ची के पिता के बयान पर पुलिस उसे सिविल लाइंस थाने ले गई।सिविल लाइंस थाना प्रभारी के मुताबिक जांच में पाया गया कि युवक कुछ रुपयों के लालच में अस्पतालों में जाकर बच्चों के कान में अजान देता है। शहर में ही उसका परिवार रहता है। जांच के बाद उसे छोड़ दिया गया। वहीं अस्पताल की दूसरी मंजिल से ही एक और महिला आरोपी को सुरक्षा कर्मियों ने पकड़ा। महिला का कोई परिजन अस्पताल में भर्ती नहीं था। वह उस वार्ड के बाहर बैठी थी, जहां नवजात और प्रसूता महिलाएं भर्ती किए जाते हैं। सुरक्षा कर्मियों के सवालों का वह जवाब नहीं दे पाई। उस महिला को भी पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के मुताबिक उसके पास से जो दस्तावेज बरामद हुए, उसमें पता अमरोहा लिखा है। उस महिला को भी पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। हमें शिकायत मिली है कि अस्पताल में बच्चा चोरी की नीयत से एक युवक ने प्रसूता के पास से नवजात को उठाया और जाने लगा। जबकि महिला आरोपी भी उसी मकसद से वहां बैठी थी। सुरक्षाकर्मियों ने दोनों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। वार्ड में भर्ती प्रसूता महिलाओं को भी सतर्क रहने के लिए कहा गया है। - डॉ. रनवीर सिंह, सीएमएस

# यूपी में बड़ा हादसा: हाईवे पर अज्ञात वाहन में घुसी कार, चालक समेत चार युवकों की मौत; दो युवक घायल



यूपी में बड़ा हादसा हुआ है। अमरोहा का गजरौला में एक कार आगे चल रहे अज्ञात वाहन में घुस गई। हादसे में चालक समेत चार युवकों की मौत हो गई, जबकि दो युवक घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस तीन की पहचान के प्रयास में जुटी है।उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में बड़ा हादसा हुआ है। गजरौला में हाईवे पर दिल्ली की तरफ जाते समय अज्ञात वाहन में पीछे से वैगनआर कार घुस गई। हादसे में चालक मोहम्मद सलमान (27) समेत चार युवकों की मौत हुई है। जबकि दो युवक घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। सलमान रामपुर के पंखेवालान गेट बमनपुरी का रहने वाला था। तीन मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। रामपुर के पंखेवालान गेट बमनपुरी निवासी तनवीर ने पुलिस को बताया कि उनके भाई मोहम्मद सलमान टैक्सी में वैगनआर कार चलाते थे। दूसरे प्रदेश के पांच युवक रामपुर में दिल्ली जाने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन रामपुर में उनकी ट्रेन छूट गई। इस कारण बुधवार सुबह वैगनआर में सवार हो गए। उनको सलमान दिल्ली छोड़ने जा रहे थे। करीब 4 बजे उनकी वैगनआर कार ख्यालीपुर ढाल से लगभग 200 मीटर आगे पहुंची थी।  बताया जा रहा है कि यहां पर आगे चल रहे अज्ञात वाहन में कार घुस जाने से कार चालक मोहम्मद सलमान समेत चार युवकों की मौत हो गई। कार में सवार हसनैन व समेतुल इस्लाम घायल हो गए। हादसे की सूचना पाकर यूपी-112 के पुलिस कर्मी पहुंच गए। उन्होंने घायलों को डिडौली कोतवाली क्षेत्र के चौधरपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चारों के शव सीएचसी में लाए गए। यहां से उनको मोर्चरी पर भिजवा दिया। इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि हादसे में चार युवकों की मौत का मामला सामने आया है। तीन की पहचान नहीं होने के कारण उनके शव मोर्चरी पर रखवाए गए है। उनकी पहचान होने पर ही पता चल सकेगा कि क्या करते थे और कहां जा रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### लखनऊ में लाठीचार्ज के विरोध में वकीलों ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

स्वार। लखनऊ में वकीलों पर हुए पुलिस के लाठीचार्ज के विरोध में स्वार के वकील मंगलवार को मुखर हो गए। उन्होंने न्यायिक कार्य बंद रखते हुए एक दिन की सांकेतिक हड़ताल की और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम अमन देवल को सौंपा।बार एसोसिएशन की आपात बैठक में लाठीचार्ज की कड़ी निंदा करते हुए मांग की गई कि घायल अधिवक्ताओं को उचित मुआवजा दिया जाए। घटना की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। संबंधित थाना प्रभारी को तत्काल निलंबित किया जाए तथा एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए।इस मौके पर बार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राशिद अली गौस, सचिव नौशाद आलम, विक्रम सिंह संधू, पंकज जोशी, मोहम्मद जावेद अख्तर, सिराज अहमद, मोहम्मद जुनैद सैफी सहित अनेक वकील उपस्थित रहे।

### टांडा बार वेलफेयर एसोसिएशन ने भी भेजा ज्ञापन

टांडा। लखनऊ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज और बुलडोजर कार्रवाई का बार वेलफेयर एसोसिएशन, टांडा ने विरोध किया। उन्होंने राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन की कॉपी एसडीएम को सौंपी। अधिवक्ताओं ने घटना की निंदा करते हुए बुलडोजर कार्रवाई तत्काल बंद करने, तहसील व कचहरी परिसरों में सरकारी खर्च पर अतिरिक्त चेंबर बनाने और लाठीचार्ज की न्यायिक जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। इस अवसर पर सतपाल सिंह चौहान, प्रथी सिंह सैनी, अनिल कुमार भारद्वाज, प्रताप सिंह चौहान, अनुराधा चौहान आदि मौजूद रहे।

### डेयरी में पराली की आग से लाखों का नुकसान

मिलक। खमरिया गांव के निकट एक डेयरी में मंगलवार दोपहर पराली की आग से भीषण हादसा हो गया। आग लगने से भूसा, सोलर पैनल, इंजन और कृषि उपकरण जलकर राख हो गए। डेयरी संचालक दिगपाल सिंह ने करीब 12 लाख रुपये के नुकसान की बात कही है।दिगपाल सिंह के अनुसार डेयरी के पीछे खेत में एक किसान ने पराली जलाई थी। तेज हवा के कारण आग डेयरी तक पहुंच गई और भंडार गृह को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए पशुओं को बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।सूचना के बाद दमकल वाहन करीब डेढ़ घंटे बाद मौके पर पहुंचा। तब तक ग्रामीणों ने करीब 90 फीसदी आग पर काबू पा लिया था।

पीड़ित ने प्रशासन को प्रार्थना पत्र देकर नुकसान का आकलन कराने, मुआवजा दिलाने और पराली जलाने वाले किसान के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने खेतों में आग लगाने पर सख्ती बरतने की मांग भी उठाई है।

### बोलेरो से टकराई चारधाम यात्रियों की ट्रैवलर, एक की मौत

रामपुर। लखनऊ-दिल्ली बाईपास पर चारधाम यात्रियों से भरी ट्रैवलर बोलेरो के अचानक ब्रेक लगाने से उससे जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि बोलेरो पलट गई। हादसे में बोलेरो चालक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रैवलर में सवार 16 यात्री भी घायल हुए हैं। प्राथमिक उपचार के बाद परिजन तीन घायलों को हायर सेंटर ले गए। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है।कानपुर से 14 लोगों का जत्था ट्रैवलर से चारधाम यात्रा के लिए निकला था। वाहन में चालक और परिचालक समेत कुल 16 लोग सवार थे। मंगलवार तड़के करीब ढाई बजे ट्रैवलर लखनऊ-दिल्ली बाईपास पर अजीतपुर के पास पहुंची।पुलिस के अनुसार, बोलेरो चालक को मोड़ पर मुड़ना था लेकिन आगे निकल जाने पर उसने अचानक ब्रेक लगा दिए। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रही ट्रैवलर बोलेरो से टकरा गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों वाहनों में फंसे घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

# सूर्यदेव की तेजी से तपने लगा तन...पारा 40 होगा तो और बढ़ेगी  तपन

हर दिन सूरज की तपिश बढ़ने से सूरज की तपिश से तापमान और चढ़ रहा है। जो इसी सप्ताह 20 मई को 40 डिग्री सेल्सियस के पार हो जाएगा। मौसम की तल्खी से न दिन को चैन और न रात को सकून मिल रहा है।मई की शुरुआत में तापमान बढ़ने पर बीच बीच में मौसम का मिजाज अचानक बिगड़ने से कभी आंधी-बारिश आई तो कभी छिटपुट बारिश ने सूरज की गर्मी पर ब्रेक लगाया। बीच में कुछ दिन मौसम खुशगवार रहा। लेकिन अब सूरज का सितम बढ़ रहा है। हर दिन तेज चिलचिलाती धूप और गर्मी लोगों का पसीना निकाल रही है। सोमवार को भी सुबह से ही गर्मी से लोग बेचैन हुए। दोपहर में सूरज की किरणें मानों झुलसाने पर आमादा रहीं। दोपहर में दो बजे तक गर्मी चरम पर पहुंचा।अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस रहा। पंखा, कूलर बेमतलब साबित होने से एयर कंडीशनर की विकल्प रह गया। दोपहर में भीषण गर्मी से लोगों के हलक सूख गए। राहत के लिए खीरा, तरबूज का सेवन करने के साथ ही लोगों ने गन्ने का जूस, शिकंजी, कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन किया। 20 मई को तापमान बढ़कर 40 डिग्री के पार होने का अनुमान मौसम विभाग ने जताया है।  जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जिलाधिकारी के निर्देश पर जनसामान्य से भीषण गर्मी में सावधानी बरतने और तहसीलों और नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों से सार्वजनिक स्थानों पर शेड आदि का इंतजाम कराने के साथ ही स्वच्छ पेयजल के लिए प्याऊ और वाटर कूलर आदि लगवाने के लिए कहा है। वहीं भीषण गर्मी में दोपहर में जाम में स्कूली वाहनों व बच्चों को फंसने पर जोखिम से बचने के लिए जिलाधिकारी ने सिविल लाइंस और कांठ रोड के स्कूलों के खुलने बंद होने के समय में 15-30 मिनट का अंतर रखने का आदेश कर हर स्कूल की अलग अलग टाइमिंग जारी कर दी है। 23 मई तक का अनुमानित तापमान तारीख अधिकतम तापमान न्यूनतम तापमान 19 मई 39 डिग्री सेल्सियस 28 डिग्री सेल्सियस 20 मई 40 डिग्री सेल्सियस 28 डिग्री सेल्सियस 21 मई. 40 डिग्री सेल्सियस 29 डिग्री सेल्सियस 22 मई 40 डिग्री सेल्सियस 29 डिग्री सेल्सियस 23 मई 41 डिग्री सेल्सियस 29 डिग्री सेल्सियस

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज़्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



# रैंकिंग सुधारने को डीएम का बड़ा एक्शन! विकास विभाग की सीएम डैशबोर्ड समीक्षा में अफसरों को सख्त निर्देश

√ काम में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त, गुणवत्ता और समयबद्धता पर डीएम का फोकस




क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विकास विभाग की सीएम डैशबोर्ड समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद की रैंकिंग सुधारने और विकास कार्यों में तेजी लाने को लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए।डीएम ने कहा कि पिछले माह 6 इंडीकेटर्स की वजह से जनपद की रैंकिंग प्रभावित हुई थी। ऐसे में संबंधित विभाग विशेष ध्यान देते हुए प्रगति बनाए रखें और रैंकिंग सुधारने के लिए गंभीरता से कार्य करें।

बैठक में पीएम सूर्य घर योजना, अल्पसंख्यक विभाग, विद्युत विभाग, उद्यान विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, जननी सुरक्षा योजना और कृषि विभाग समेत कई विभागों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने कार्यों की अद्यतन स्थिति समय से पोर्टल पर अपलोड करें, ताकि शासन स्तर पर सही प्रगति दिखाई दे सके।

डीएम ने सिंचाई विभाग के सभी 9 डिविजनों और दिव्यांग कल्याण विभाग के निर्माण कार्यों की अलग से समीक्षा बैठक बुलाने के निर्देश भी दिए। साथ ही सीएमआईएस पोर्टल से जुड़े निर्माण कार्यों की भी समीक्षा करते हुए विधि विज्ञान प्रयोगशाला, ड्रग वेयर हाउस, पर्यटन विभाग की 4 परियोजनाएं, रोडवेज बस स्टैंड निर्माण और बेसिक शिक्षा विभाग के निर्माण कार्यों को गुणवत्ता और तय समय सीमा में पूरा कराने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह, जिला समन्वय एनआरएलएम, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी समेत कई जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# 40 महीने का इंतजार खत्म शिक्षा प्रेरकों के खातों में जल्द पहुंचेगा बकाया मानदेय




क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / सरकार ने खोला खजाना, लोक शिक्षा केंद्रों के हजारों प्रेरकों को मिली बड़ी राहत बरेली। जिले भर के लोक शिक्षा केंद्रों पर तैनात रहे हजारों शिक्षा प्रेरकों के लिए राहत भरी बड़ी खबर सामने आई है। वर्षों से अपने बकाया मानदेय के लिए संघर्ष कर रहे प्रेरकों को अब जल्द ही 40 महीने का रुका हुआ मानदेय मिलने जा रहा है। शासन स्तर पर बजट को हरी झंडी मिलने के बाद विभाग ने भुगतान प्रक्रिया की तैयारियां तेज कर दी हैं, जिससे शिक्षा प्रेरकों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

साक्षरता भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायतों में संचालित लोक शिक्षा केंद्रों पर कार्यरत प्रेरक लंबे समय से आर्थिक संकट से जूझ रहे थे। मानदेय न मिलने के कारण हजारों परिवारों के सामने रोजमर्रा की जरूरतों का संकट खड़ा हो गया था। अपने हक की लड़ाई के लिए प्रेरकों ने ब्लॉक से लेकर राजधानी तक कई बार धरना-प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपे, जिसके बाद अब उनकी मेहनत रंग लाती दिखाई दे रही है।

सूत्रों के अनुसार शासन ने बकाया मानदेय के बजट को मंजूरी दे दी है। विभाग की ओर से सभी जिला लोक शिक्षा समितियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि शिक्षा प्रेरकों के दस्तावेज और बैंक खातों का दोबारा सत्यापन कराया जाए, ताकि भुगतान में किसी प्रकार की तकनीकी बाधा न आए। बताया जा रहा है कि 40 महीने का पूरा मानदेय एक साथ सीधे प्रेरकों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजा जाएगा।

